# GOVT. DEGREE COLLEGE NAGROTA SURIAN

TEH. NAGROTA SURIAN, DISTT. KANGRA (H.P.)-176027

Phone No : 01893-293686 Email:gcnagrotasuriyan-hp@nic.in


**Reference No.- EDN-GDC-NGRS-G(5) 1/2014-304** **Date:- 25/07/2026**

# सूचना

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के **सड़क सुरक्षा क्लब (Road Safety Club)** के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। जो विद्यार्थी इस क्लब के सदस्य के रूप में स्वयंसेवी बनना चाहते हैं, वे **Google Form** भरकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। Google Form का **लिंक एवं QR कोड** इस संदेश के अंत में संलग्न है।

सड़क सुरक्षा क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं सामान्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना, सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी का प्रसार करना तथा जनहित से जुड़े विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन करना है। इसके अतिरिक्त क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित विविध प्रतियोगिताओं, अभियानों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

क्लब में पंजीकृत स्वयंसेवियों से अपेक्षा की जाती है कि वे वर्षभर आयोजित होने वाली महाविद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं, अभियानों एवं गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

अतः महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सड़क सुरक्षा क्लब से जुड़ें तथा शीघ्र अपना पंजीकरण कर सड़क सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत दायित्व ही नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

https://forms.gle/3DfYWNWGXh35Bf2c7

Principal
Govt Degree College
Nagrota Surian,
Distt. Kangra (HP)-176027

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां